# सिविल अस्पताल के जच्चा-बच्चा वार्ड में अव्यवस्था

## बस स्टैंड में भीड़ से संक्रमण का बढ़ा खतरा, व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ गाडरवारा।** करोड़ों रुपये के विकास एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के दावों के बावजूद गाडरवारा सिविल अस्पताल का जच्चा-बच्चा (प्रसूति) वार्ड गंभीर अव्यवस्थाओं से जूझता नजर आ रहा है। ऑपरेशन के बाद प्रसूताओं और नवजात शिशुओं को संक्रमण-मुक्त एवं शांत वातावरण मिलना चाहिए, लेकिन वार्ड में अत्यधिक भीड़ के कारण मरीजों और स्वास्थ्यकर्मियों दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### एक मरीज के साथ कई तीमारदार, नियमों की अनदेखी

अस्पताल के नियमों के अनुसार एक मरीज के साथ केवल एक अटेंडेंट को रहने की अनुमति होती है, लेकिन वार्ड में कई मरीजों के साथ बड़ी संख्या में परिजन मौजूद होने की बात सामने आ रही है। इससे वार्ड में शोर-शराबा, अव्यवस्था और आवाजाही बढ़ गई है, जिससे इलाज की प्रक्रिया भी प्रभावित हो रही है।

### संक्रमण का बढ़ा जोखिम

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार ऑपरेशन के बाद की प्रसूताएं और नवजात शिशु संक्रमण के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। ऐसे में वार्ड में अनियंत्रित भीड़ संक्रमण फैलने का जोखिम बढ़ा सकती है। यदि भीड़ नियंत्रण के प्रभावी उपाय नहीं किए गए तो मरीजों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है।

### नर्सिंग स्टाफ को भी हो रही परेशानी

बताया जा रहा है कि अत्यधिक भीड़ के कारण ड्यूटी पर मौजूद नर्सिंग स्टाफ को मरीजों तक पहुंचने, दवाएं देने, ड्रिप लगाने और नियमित निगरानी करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इससे उपचार व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है।

### व्यवस्थाओं पर उठे सवाल

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल के विकास और सुविधाओं के लिए विभिन्न स्तरों पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं, लेकिन वार्ड में सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण प्रभावी नहीं दिख रहा। इससे अस्पताल प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल उठ रहे हैं।

**प्रशासन से कार्यवाही की मांग:** नागरिकों ने अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य विभाग से वार्ड में प्रवेश नियमों का सख्ती से पालन कराने, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने तथा केवल अधिकृत अटेंडेंट को ही प्रवेश देने की मांग की है।



## बालक एवं बालिका छात्रावास में हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**तेंदूखेड़ा** विगत दिवस बालक एवं बालिका छात्रावास चांवरपाठा में आरबीएसके दल क्रमांक 2 की मेडीकल टीम ऑफीसर डॉ. दीप्ति व्यास एवं सेक्टर मेडीकल ऑफीसर डॉ. श्रद्धा मिश्रा एमओ चॉवरपाठा द्वारा दोनो छात्रावासों में बालक बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर पोषण आहार एवं स्वास्थ्य सबंधी जानकारी दी गयी। छात्रों को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचने आस पास साफ सफाई करने तथा हमेशा हाथ धुलकर भोजन करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी।

## लोड शेडिंग के नाम पर विद्युत कटौती के विरोध में उपभोक्ताओं ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस डोभी क्षेत्र के उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर लोड सेटिंग के नाम पर हो रही विद्युत कटौती तथा बस स्टैंड डोभी में स्थित ट्रांसफार्मर के कटआउट बॉक्स को पिछले एक माह से ऊपर न किए जाने आवश्यक सुधार कार्य हेतु पर्याप्त सामग्री एवं कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने के संबंध में बड़ी संख्या में एकत्रित उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण केन्द्र में पहुंच कर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि डोभी क्षेत्र में विगत कुछ समय से लोड शेडिंग के नाम पर बार-बार अनावश्यक रूप से विद्युत कटौती की जा रही है।



### उपभोक्ताओं को हो रही अत्यधिक परेशानी

आम नागरिकों छात्रों व्यापारियों अन्य उपभोक्ताओं को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बस स्टैंड पर स्थित डीपी का कटआउट बॉक्स पिछले एक माह से नीचे रखा हुआ है। जिससे वहाँ से गुजरने वाले नागरिकों एवं मवेशियों के लिए करंट लगने जैसी गंभीर दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद आज तक इसे सुरक्षित रूप से ऊपर स्थापित नहीं किया गया है। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में विद्युत सुधार कार्यो में लगातार विलंब हो रहा है। स्थानीय स्तर पर सुधार कार्य हेतु आवश्यक सामग्री की पर्यात उपलब्धता नहीं होने तथा पर्याप्त तकनीकी कर्मचारियों के अभाव के कारण छोटी-छोटी खराबियों के निराकरण में देरी हो रही है।

### एक नजर में

#### श्री साईं नाथ महाराज का अभिषेक और पालकी यात्रा

**गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव भगतसिंह वार्ड स्थित श्री साई मंदिर समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम गुरु पूर्णिमा को 29 जुलाई दिन बुधवार सुबह 9:00 बजे श्री साईं नाथ महाराज का अभिषेक एवं दोपहर 11:00 बजे- भव्य पालकी यात्रा। पालकी जागृति नगर से प्रारंभ होकर श्रीधाम हॉस्पिटल के सामने से होते हुए श्री साईं दरबार में पहुंचकर संपन्न होगी। पालकी समापन के पश्चात महाप्रसादी भंडारे का आयोजन किया जाएगा वहीं रात्रि में भजन संध्या एवं महाआरती की जाएगी साईं मंदिर समिति ने समस्त भक्तों से अपील की है कि वे दरबार में समय पर पहुंचकर कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ उठाएं।

#### 26 विद्यार्थियों को मिली नि:शुल्क साइकिलें

**नरसिंहपुर।** विधायक तेंदूखेड़ा श्री विश्वनाथ सिंह पटेल ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़िया में 42 लाख की लागत से निर्मित होने वाली आधुनिक प्रयोगशाला (लेबोरेटरी) का विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने मध्यप्रदेश शासन की महत्वाकांक्षी नि:शुल्क साइकिल वितरण योजना के अंतर्गत 26 छात्र-छात्राओं को साइकिल वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। विधायक श्री पटेल ने कहा कि प्रस्तावित आधुनिक प्रयोगशाला विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक विज्ञान शिक्षा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इससे छात्रों की वैज्ञानिक सोच, नवाचार क्षमता और प्रयोगात्मक ज्ञान को नई दिशा मिलेगी।

#### दूध एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट के विरुद्ध कार्रवाई

**नरसिंहपुर।** कलेक्टर रजनी सिंह के निर्देशानुसार जिले में दूध एवं दूध उत्पादों में मिलावट के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी कविता राठौर एवं सारिका दुबे द्वारा गाडरवारा, बरमान एवं नरसिंहपुर क्षेत्र में विभिन्न प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। जांच के दौरान गाडरवारा स्थित नारायण डेयरी एवं नायक किराना एंड जनरल स्टोर, बरमान में मोदी ट्रेडर्स, राजमार्ग स्थित राहुल किराना एंड जनरल स्टोर तथा नरसिंहपुर में गुरू कृपा किराना स्टोर से कुल 17 नमूने लिए गए। इनमें दूध के 5, तेल के 3, घी के 3, धनिया पाउडर के 2, गरम मसाला के 2, मिर्च पाउडर का एक तथा टमाटर सॉस का एक नमूना शामिल है। सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है।

#### शीतल प्रसाद साहू का देवलोक गमन

**गोटेगांव।** नगर समीप ग्राम कमोद के प्रतिष्ठित ग्रामवासी समाज सेवी शीतल प्रसाद साहू का 65 वर्ष की आयु में अस्वस्थता के चलते देवलोक गमन हो गया है, आप सहज सरल मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे, वे प्रदीप साहू संदीप, सुदीप, राकेश, नीरज, रोहित साहू के पूज्य पिता श्री थे, आपके देवलोक गमन का समाचार प्राप्त होतेही परिवारजनों व शुभचिंतकों में गहरा शोक व्याप्त हो गया,अंतिम संस्कार शव यात्रा में सभी वर्ग समुदाय के लोगों सहित विभिन्न राजनैतिक सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों ने बड़ी संख्या में शामिल हुए।



## वृक्षगंगा अभियान के तहत जन्मदिन पर किया पौधरोपण

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन में जन्म शताब्दी वर्ष में वृक्षगंगा अभियान के संकल्प को पूर्ण करने ग्राम ग्वारी ? में सभी शाखाओं के सहयोग से वृक्षारोपण किया गया वहीं ग्राम पंचायत ग्वारी ? के सरपंच परमेश्वरदास पटेल के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए बड़ी संख्या वृक्षारोपण कर जन्मदिन वैवाहिक वर्षगांठ पुण्य तिथि तथा किसी विशेष कार्य विशेष रूप से मनाये जाने की जगह वृक्षारोपण का संदेश दिया गया।इस मौके पर मुख्य रूप से उपजोंन से वृंदावन पटेल जिला समन्वयक रामकुमार ठाकुर तहसील पर्यावरण समिति विमलेश कुमार पटेल बीरेंद्र पटेल मंजीत पटेल काशीराम राय शंकर पटेल सियाराम पटेल कौशल द्वारका प्रसाद एवं ग्वारी ? आसपास से आए समस्त ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।

## सर्वसुविधायुक्त नवीन भवन में गूंजीं बच्चों की किलकारियां

**नवभारत/ साईंखेड़ा।** साईंखेड़ा स्थित सांदीपनि उत्कृष्ट विद्यालय के नवीन एवं सर्वसुविधायुक्त भवन में सोमवार से शैक्षणिक गतिविधियों का विधिवत शुभारंभ हो गया। आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित भव्य परिसर में प्रवेश करते ही विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे, वहीं वर्षों तक सीमित संसाधनों में अध्यापन कराने वाले कई शिक्षक भावुक हो गए। शिक्षकों ने इसे अपने शिक्षकीय जीवन का यादगार और ऐतिहासिक पल बताते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यालय के पहले दिन विद्यार्थियों ने विशाल एवं हवादार कक्षाओं, आधुनिक प्रयोगशालाओं, विशाल असेंबली हॉल, वातानुकूलित प्रशासनिक



कक्ष और खेल मैदानों को देखकर उत्साह व्यक्त किया। बच्चों ने नए वातावरण में बेहतर शिक्षा प्राप्त करने और अनुशासन के साथ अध्ययन करने का संकल्प भी दोहराया। शिक्षक भानु प्रताप राजपूत ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने शिक्षा गारंटी विद्यालय से अपनी सेवा शुरू की थी। उन्होंने भावुक होकर कहा, सरकार ने हमें टपरिया से अटरिया तक पहुंचा दिया है। इतने आधुनिक और विशाल परिसर में अध्यापन करना उनके लिए गर्व का विषय है। वहीं शिक्षक मनीष शंकर तिवारी ने कहा कि जब उन्होंने सीएम राइज विद्यालय की अवधारणा के बारे में सुना था, तभी से नए भवन में पढ़ाने का सपना देखा था।

## नशा मुक्ति अभियान 2 .0 एवं ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत गाडरवारा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

**नवभारत/ गाडरवारा ।** जिले में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान 2.0 एवं ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत गाडरवारा पुलिस ने मादक पदार्थों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 2 किलो 330 ग्राम गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीब ?35 हजार कीमत का गांजा, घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन तथा रॉयल एनफील्ड मोटरसाइकिल जब्त की है। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एसडीओपी गाडरवारा ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना गाडरवारा पुलिस टीम ने 25 जुलाई 2026 की दरमियानी रात यह



कार्यवाही की। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आशीष पलिया (24 वर्ष), पिता बसंत पलिया, निवासी ग्राम मुआर, थाना साईंखेड़ा, जिला नरसिंहपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया है।

## दूषित पेयजल से जलजनित रोगों का खतरा

**नवभारत/ गाडरवारा। चीचली ( मारेगांव )।** चीचली जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत मारेगांव के वार्ड क्रमांक 10 एवं 11 की दलित बस्ती इन दिनों गंभीर पेयजल संकट और स्वास्थ्य खतरे से जूझ रही है। ग्रामीणों के अनुसार नाली सफाई के दौरान जेसीबी मशीन से पेयजल पाइपलाइन क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन लंबे समय बाद भी इसकी मरम्मत नहीं कराई गई। आरोप है कि पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण नालियों का गंदा और दूषित पानी पेयजल लाइन में मिल रहा है, जिससे घरों में बदबूदार एवं अस्वच्छ पानी पहुंच रहा है। मजबूरी में ग्रामीण इसी पानी का उपयोग कर रहे हैं, जिससे जलजनित एवं संक्रामक



बीमारियों के फैलने की आशंका बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरी बस्ती में कीचड़, जलभराव और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। मुख्य रास्ते दलदल में तब्दील हो चुके हैं, जिससे आवागमन भी प्रभावित हो रहा है। उनका आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पंचायत प्रशासन और संबंधित अधिकारियों द्वारा अब तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की शीघ्र मरम्मत कर स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति बहाल नहीं की गई, तो वे आंदोलन करने को विवश होंगे। प्रशासन से मांग ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों से तत्काल मौके का निरीक्षण कर क्षतिग्रस्त पाइपलाइन की मरम्मत, स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था तथा बस्ती में सफाई एवं जलनिकासी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## सहकार टाइगर्स बनी WPL सीजन-1 की चैंपियन


**नवभारत/ नरसिंहपुर।** नमामि वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा आयोजित Women's Premier League (WPL) Season-1 का भव्य समापन समारोह उत्साह, रोमांच और सम्मान के साथ सम्पन्न हुआ। लगभग एक सप्ताह तक चले इस महिला क्रिकेट महाकुंभ में जिले की विभिन्न टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना, अनुशासन एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना तथा महिला क्रिकेट को नई पहचान प्रदान करना रहा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुमनलता पटेल (मंडल




संरक्षक), संध्या कोठारी (अध्यक्ष), माया राजपूत (उपाध्यक्ष), इंजीनियर निशा सोनी (उपाध्यक्ष), सुनीता यादव (जिला खेल अधिकारी), संध्या साहू (समाजसेवी), माधुरी पटेल, लक्ष्मी श्रीवास्तव (समाजसेवी), मंजुलता पटेल (पार्षद), राजेश्वरी लोधी (सरपंच, बचई), लक्ष्मण सिंह राजपूत (राजपूत सभा अध्यक्ष), रोशन सिंह राजपूत, सुनीता राजपूत (पार्षद), शिवकुमार रैकवार (सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन), डॉ. बृजेश पटेल तथा चाणक्य स्कूल के डायरेक्टर राजेन्द्र राजपूत विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में सभी अतिथियों का आयोजक समिति एवं नमामि वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर आत्मीय स्वागत किया गया। फाइनल दिवस का पहला मुकाबला तीसरे स्थान के लिए ममता टाइटंस एवं सियाल सुपर क्वींस के बीच खेला गया, जिसमें ममता टाइटंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज कर तीसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि सियाल सुपर क्वींस चौथे स्थान पर रही। इसके बाद प्रतियोगिता का बहुप्रतीक्षित फाइनल मुकाबला चाणक्य स्ट्राइकर्स एवं सहकार टाइगर्स के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए चाणक्य स्ट्राइकर्स ने निर्धारित 5 ओवरों में 60 रनों का लक्ष्य रखा।

## धूमधाम से मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महापर्व दादा को लगेगा टिक्कड़-भाजी का भोग


**नवभारत/ साईंखेड़ा।** नगर के प्रसिद्ध दादाजी धूनी वालों के दरबार (गढ़ी) में इस वर्ष गुरु पूर्णिमा महापर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार रात्रि 8 बजे दादा दरबार परिसर में एक सामान्य बैठक आयोजित की गई, जिसमें आयोजन की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि गुरु पूर्णिमा से एक दिन पूर्व दादा दरबार से भव्य पालकी यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए नगर परिषद कार्यालय, ब्लॉक मुख्यालय के समीप स्थित भगवान शंकर मंदिर पहुंचेगी, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना की



जाएगी। इसके बाद पालकी यात्रा झिखोली रोड मार्ग से पुन: दादाजी धूनी वालों के दरबार पहुंचेगी। गुरु पूर्णिमा के दिन प्रात:काल दादाजी का पवित्र अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद दिनभर भजन-कीर्तन, आरती एवं धार्मिक आयोजनों का क्रम चलता रहेगा। महापर्व में दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

## 11 सूत्रीय मांगों को लेकर किसानों का धरना प्रदर्शन

**नवभारत/ साईंखेड़ा/ नरसिंहपुर।** भारतीय किसान संघ तहसील साईंखेड़ा के बैनर तले किसानों ने अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शहीद स्मारक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विभिन्न कृषि एवं जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी मांगें रखीं। बाद में किसानों ने प्रशासन के माध्यम से शासन के नाम ज्ञापन सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए किसान नेताओं ने कहा कि प्रदेश के किसानों की सबसे बड़ी मांग मूंग की शत-प्रतिशत उपज की समर्थन मूल्य पर खरीदी है। उन्होंने आरोप लगाया कि खरीदी व्यवस्था में किसानों को परेशानियों का सामना



करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने लगातार हो रही बिजली कटौती पर भी नाराजगी व्यक्त की। उनका कहना था कि लोड सेटिंग के नाम पर रात में 2 से 3 घंटे तक बिजली बंद कर दी जाती है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित होता है। उन्होंने किसानों को नियमित रूप से 10 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा अनावश्यक कटौती तत्काल बंद करने की मांग की। ज्ञापन में ई-टोकन खाद व्यवस्था समाप्त करने की भी मांग की गई। किसानों का कहना था कि समय पर टोकन नहीं मिलने से खाद उपलब्ध नहीं हो पाती और कई बार 50 किलोमीटर दूर तक जाना पड़ता है। उन्होंने व्यवस्था की विसंगतियों को दूर कर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग रखी।

## रेलवे पुल पर शरारत, गति अवरोधक पर लटकाए 2 काले सांप, दहशत

**नवभारत/ गोटेगांव।** गोटेगांव स्थित रेलवे पुल पर रविवार को अज्ञात सामाजिक तत्वों की शरारत से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। शरारती तत्वों ने पुल पर बने गति अवरोधक यानी स्पीड ब्रेकर के ठीक बीच में दो काले सांपों को लटका दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार सुबह राहगीरों ने देखा कि गति अवरोधक पोल से दो काले सांप रस्सी या तार के सहारे लटक रहे हैं। सांपों को देखकर पुल से गुजरने वाले वाहन चालक और पैदल राहगीर सहम गए। कुछ देर तक आवागमन भी प्रभावित रहा। आसपास के दुकानदारों और लोगों में भी भय का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं और



स्थानीय नागरिकों ने मौके पर पहुंचकर सांपों को हटवाया। तब जाकर आवागमन सामान्य हो सका। नागरिकों ने इस कृत्य को गंभीर शरारत बताते हुए पुलिस से ऐसे असामाजिक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि पुल जैसे व्यस्त मार्ग पर इस तरह की हरकत से कोई दुर्घटना भी हो सकती थी।

### विकास ▶ नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता देकर हो रहे निर्माण कार्य

## विकास कार्यों को मिल रही रफ्तार, हर वार्ड में सड़क-नाली निर्माण पर जोर

**नवभारत/ करेली।** नगर में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और वार्डों के समग्र विकास को गति देने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद करेली द्वारा विभिन्न वार्डों में निर्माण एवं विकास कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। नगर के अलग-अलग क्षेत्रों में सड़क, नाली, सीसी रोड, आरसीसी नाला, पेपर ब्लॉक रोड एवं अन्य आवश्यक निर्माण कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। इन कार्यों के पूरा होने से जहां नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी, वहीं बारिश के दौरान जलभराव और पानी निकासी की समस्या से भी राहत



मिलने की उम्मीद है। नगर पालिका द्वारा वार्डों की आवश्यकता और नागरिकों की मांग के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही धमनी नदी के पुनर्जीवन के प्रयासों के तहत नगर पालिका परिषद करेली की सीमा में नदी के तटों के सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रारंभ किया गया है। नदी क्षेत्र में गहरीकरण सहित अन्य कार्य कराए जा रहे हैं।

### विकास कार्य प्राथमिकता से होंगे पूरे

नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के साथ-साथ नगर के पर्यावरण और सौंदर्य को भी बेहतर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। नगर में चल रहे इन विकास कार्यों को नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर के निर्देशन में प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। नगर पालिका का उद्देश्य है कि विकास कार्यों का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचे और प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत किया जा सके।

## परमहंसी गंगा आश्रम विचारशीला से निकला नशे के खिलाफ संदेश

**नवभारत/ गोटेगांव।** नरसिंहपुर जिले के गोटेगांव थाना पुलिस ने नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के तहत समाज को जागरूक करने की अनूठी पहल की। थाना गोटेगांव मनीष त्रिपाठी के नेतृत्व में एवं थाना प्रभारी प्रदीप सराफ के मार्गदर्शन में सोमवार को धार्मिक नगरी परमहंसी गंगा आश्रम स्थित पाठशाला के बच्चों के साथ नशा मुक्ति जन जागृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ब्रह्मलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज की विचारशीला से की गई। इसी पवित्र स्थल से नशे के खिलाफ संदेश दिया गया। इस अवसर पर ब्रह्मचारी अचलानंद महाराज जी एवं बड़े शास्त्री जी ने बच्चों को संबोधित करते हुए नशे के



दुष्परिणाम बताए और स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है और नशे से दूर रहकर ही समाज का निर्माण संभव है। स्ष्ठक्क मनीष त्रिपाठी ने बच्चों और उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि पुलिस का काम केवल अपराध रोकना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक करना भी है। नशा मुक्ति अभियान इसी दिशा में एक कदम है। गोटेगांव पुलिस आने वाले समय में स्कूल-कॉलेज और गांवों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस अभियान में परमहंसी गंगा आश्रम से अरविंद मिश्रा सहित आश्रम के पदाधिकारी, झोतेश्वर चौकी प्रभारी, थाना ठेमी प्रभारी का स्टाफ और थाना गोटेगांव का समस्त पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस अधिकारियों ने बच्चों से संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं।